web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 09 फरवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 133

## धौलपुर के पीएनबी बैंक में 4 लाख रुपए की लूट, मुठभेड़ में 3 बदमाशों को गोली लगी



**धौलपुर (आरएनएस)।** धौलपुर में बदमाशों ने फायरिंग कर पीएनबी बैंक से 4 लाख रुपए लूट लिए। बैंक से लूट के बाद भागते समय इन बदमाशों की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसके बाद पुलिस ने 3 बदमाशों को पकड़ लिया। पुलिस के साथ मुठभेड़ में 3 बदमाशों को गोली लगी, जिसके बाद इनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस 3 फरार बदमाशों की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार दिहौली थाना क्षेत्र के मरैना कस्बे में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में बुधवार को लंच के बाद 6 बदमाश आए। बाइक पर आए इन बदमाशों ने बैंक में घुसते ही हवाई फायरिंग की और मैनेजर पर कट्टा तान दिया। इसके बाद 4 लाख रुपए लूटकर उत्तर प्रदेश की तरफ भागने लगे। लूट की जानकारी मिलने के बाद मनियां सीओ दीपक खंडेलवाल के नेतृत्व में पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में 3 बदमाशों को गोली लग गई, जिनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की निगरानी में ट्रॉमा वार्ड में इन बदमाशों का इलाज चल रहा है।

**बैंक में किया था एक हवाई फायर-** एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बदमाश दोपहर करीब 3 बजे 2 बाइक पर आए। इनमें से 3 बदमाश बैंक के अंदर घुसे। एक बदमाश ने हवाई फायर किया और मैनेजर को बंधक बनाकर 4 लाख लूट लिए। बैंक में डकैती डालकर भाग रहे बदमाशों की जानकारी मिलने के बाद दीपक खंडेलवाल के नेतृत्व में मनियां थाना प्रभारी लाखन सिंह और दिहौली थाना प्रभारी बीधाराम राम की टीम ने 3 बदमाशों का पीछा किया और मुठभेड़ के बाद तीनों को पकड़ लिया गया।

**बसेड़ी इलाके के रहने वाले हैं तीनों बदमाश-** एसपी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए तीनों बदमाश बसेड़ी थाना क्षेत्र के पूंठपुरा गांव के रहने वाले हैं। बदमाश सौरभ, विवेक और अंकित को राधे का पूरा गांव के पास मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि डकैती डालने के बाद बदमाशों ने रास्ते में एक राहगीर की बाइक छीन ली और उत्तर प्रदेश की ओर भागने लगे। पीछा कर रही पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस को घटना की जानकारी दे दी। उत्तर प्रदेश पुलिस और राजस्थान पुलिस की घेराबंदी देखकर बदमाश वापस राधे का पुरा गांव में घुस गए। जहां बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाशों के पैर में पुलिस की गोली लग गई। जिसके बाद तीनों बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जोशीमठ पर 10 फरवरी को होने वाली कैबिनेट बैठक टली

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड में 10 फरवरी को होने वाली कैबिनेट बैठक टल गई है। अब ये बैठक 15 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैंप कार्यालय में होगी। ये बैठक जोशीमठ आपदा प्रभावितों के पुनर्वास पैकेज पर निर्णय के लिए काफी अहम मानी जा रही है। बैठक स्थगित होने का कारण राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की अंतिम रिपोर्ट में हो रही देरी मानी जा रही है। बता दें कि जोशीमठ के आपदा प्रभावितों की निगाहें प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक पर लगी हैं। इस बैठक में उनके विस्थापन और पुनर्वास पैकेज पर निर्णय होना है। शासन स्तर पर गठित हाईपावर कमेटी ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगाई थी। प्रस्ताव के तहत आपदा प्रभावितों के लिए पुनर्वास पैकेज के तीन विकल्प तय किए गए हैं। हालांकि इसके लिए धनराशि का खुलासा नहीं किया गया है।

माना जा रहा है कि सरकार जोशीमठ में तकनीकी जांच कर रही केंद्रीय एजेंसियों की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इस रिपोर्ट के आधार पर उसके लिए राहत एवं पुनर्वास पैकेज तय करना सहज हो जाएगा। एनडीएमए को यह रिपोर्ट देनी है और आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक इसमें अभी और समय लग सकता है। रिपोर्ट आने के बाद ही सरकार जोशीमठ के पुनर्निर्माण, विस्थापना, पुनर्वास और केंद्र सरकार को भेजे जाने वाले राहत पैकेज को तय कर पाएगी।

भाजपा संगठन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, 10 फरवरी तक प्रदेश सरकार के सभी प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में केंद्रीय बजट की खूबियां बताने के लिए प्रेस कांफ्रेंस करनी है। इसके अलावा संगठन को 10 फरवरी तक सभी जिला कार्य समितियों की बैठकें करनी हैं। इन बैठकों में प्रभारी मंत्रियों को भी शामिल होना है। मंत्रियों की व्यस्तता भी बैठक स्थगित होने की वजह बताई जा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कुपवाड़ा में दम घुटने से एक ही परिवार के पांच लोगों की हुई मौत

**जम्मू (आरएनएस)।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के क्रालपोरा में एक गैर-स्थानीय परिवार के पांच सदस्यों की मंगलवार और बुधवार की रात संदिग्ध रूप से दम घुटने से मौत हो गई। अधकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी माजिद अंसारी का परिवार, जो क्रालपोरा में किराए के मकान में रह रहा था, बेहोश पाया गया। जैसे ही लोगों ने एक स्थानीय डॉक्टर से मदद मांगी, सभी सदस्यों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में अहमद हुसैन का बेटा माजिद अंसारी (35), उसकी पत्नी सोहाना खातून (30), उनके बच्चे फैजान अंसारी (4), अबू जर (3) और कुछ दिनों का शिशु शामिल है। बीएमओ क्रालपोरा ने परिवार के सदस्यों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि यह दम घुटने का संभावित मामला हो सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि शवों के स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने के बाद वास्तविक विवरण सामने आएगा। उन्होंने कहा, हमने शवों को यहां लाने के लिए दो एंबुलेंस भेजी हैं, एक बार जब हमें वास्तविक जानकारी मिल जाएगी, तो हम उसके अनुसार साझा करेंगे।

### बस-कार की भीषण टक्कर, दोनों वाहन खाई में गिरे, 30 लोगों की दर्दनाक मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के पेशावर में मंगलवार को कार से टक्कर के बाद एक बस गहरी खाई में गिर गयी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में कम से कम 30 लोग मारे गए हैं। दुर्घटना गिलगित बाल्टिस्तान इलाके के दिआमीर क्षेत्र में शतियाल चौक के पास हुई। पुलिस ने बताया कि गिलगिट से रावलपिंडी जा रही एक तेज रफ्तार बस की चौक के पास कार से टक्कर हो गयी और दोनों वाहन गहरी खाई में गिर गए।उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों को अंधेरे के कारण राहत एवं बचाव कार्य में दिक्कत आ रही है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक जताया है। प्रधानमंत्री शरीफ ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जतायी है और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने अधिकारियों को घायल का उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने भी दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक जताया है।

### दिल्ली शराब मामले में सीबीआई की एक और कार्यवाई, तेलंगाना के सीएम केसीआर की बेटी का सीए गिरफ्तार

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता के साथ पूर्व में काम करने वाला एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को दिल्ली शराब नीति मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया कि गोरंटला को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। बुचुबाबू गोरंटला को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी एमएलसी कविता का पूर्व सहयोगी माना जाता है, जिनका नाम पहले ही मामले में घसीटा जा चुका है। एजेंसी ने कहा कि नीति (एक्साइज पॉलिसी) ने हैदराबाद के थोक और खुदरा लाइसेंसधारियों और उनके लाभार्थी मालिकों को 'गलत लाभ' पहुंचाया। यह पहली बार नहीं है जब सीए का नाम इस मामले में सामने आया है। साल 2022 में अरविंद नगर के डोमलगुडा स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापा मारा गया था क्योंकि उन्होंने कविता सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों के निजी लेखा परीक्षक के रूप में कार्य किया था।

## कर्नाटक : ब्रेक की जगह दबाया एक्सेलरेटर, शख्स की मौत, महिला हुईं गिरफ्तार



**बेंगलुरू (आरएनएस)।** कर्नाटक पुलिस ने बेंगलुरु में एक बाइक सवार को अपनी कार से कुचलने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जांच के दौरान आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि उसने ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा दिया था, जिससे उसकी जान चली गयी।

कार चालक की पहचान बेंगलुरु की महिला शुभा के रूप में हुई है। पीन्या ट्रैफिक पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना का खौफनाक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।

घटना मंगलवार को व्यस्त हेसरघट्टा मेन रोड पर बगलागुंटे जंक्शन के पास हुई। मृतक की पहचान संजय बाबू के रूप में हुई है।

बाबू अपने बेटे वेदांत के साथ बाइक पर जा रहा था। इस दौरान कार चला रही आरोपी महिला ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी और उसे कुचलकर आगे बढ़ गई।

इस हादसे में बाइक सवार संजय बाबू की मौत हो गई, जबकि उनके घायल बेटे वेदांत का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## तुर्की, सीरिया में भूकंप से मरने वालों की संख्या पहुंची 7,800 के पार



**अंकारा।** तुर्की में सोमवार को आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढक़र 5,894 और सीरिया में 1,932 हो गई, जबकि सीरिया पर अमेरिकी प्रतिबंध हटाने की मांग तेज हो गई है। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री फहरेट्टिन कोका और अलेप्पो गवर्नरेट मुख्यालय में मीडिया कार्यालय के अनुसार, तुर्की और सीरिया में घायलों की संख्या क्रमश: 31,777 और 1,449 हो गई है।

दोनों देशों में मरने वालों की संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है क्योंकि खराब मौसम के कारण बचाव अभियान में बाधा आ रही है।

स्थानीय समयानुसार सुबह 4.17 बजे तुर्की के दक्षिणी प्रांत कहमनमारस में 7.7 तीव्रता से भूकंप आया, इसके कुछ मिनट बाद देश के दक्षिणी प्रांत गजियांटेप में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया और कहारनमारस में स्थानीय समयनुसार दोपहर 1:24 बजे 7.6 तीव्रता का भूकंप आया।

तुर्की के दक्षिणी प्रांत हैटे और सीरिया के उत्तरी अलेप्पो शहर में सबसे अधिक लोगों की जान गई, जबकि लेबनान, इजराइल और साइप्रस ने भी झटके महसूस किए। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने भूकंप से प्रभावित देश के 10 प्रांतों में मंगलवार को तीन महीने के आपातकाल की घोषणा की। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि खोज और बचाव गतिविधियों और बाद के अध्ययनों को जल्दी से पूरा किया जा सके।

**मलबे में दबी मासूम बच्ची ने बचाई भाई की जान-** तुर्की और सीरिया में आए विनाशकारी भूंकप के बाद बचाव कार्य जारी है। अब तक दोनों देशों में आए भूकंप से मरने वालों की संख्या बढक़र 7,926 पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि मौत का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। सोशल मीडिया पर भी कई दिल दहलाने वाली तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी कड़ी में एक और चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर आपका भी दिल दहल जाएगा। वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं किसी तरह दो बच्चे मलबे के नीचे दबे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों भाई बहन हैं। बहन ने बड़ी मासूमियत से हाथ से भाई का सिर ढक रखा है। वहीं, लोगों से मदद करने की गुहार लगा रही है।

## छावला दुष्कर्म-हत्याकांड : सुप्रीम कोर्ट फिर से विचार करने को तैयार, तीन न्यायाधीशों की पीठ करेगी सुनवाई



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2012 के छावला सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले में मौत की सजा पाने वाले तीन दोषियों को बरी करने के फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए तीन सदस्यीय पीठ गठित करने पर बुधवार को सहमति जताई। दरअसल, दिल्ली पुलिस ने इस मामले में तीन दोषियों को बरी करने के अदालत के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर की थी।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया।

मेहता ने कहा कि एक 18 वर्षीय लडक़ी के साथ बलात्कार किया गया और क्रूरता से उसकी हत्या कर दी गई और अब, मामले के एक आरोपी ने एक ऑटो चालक का गला काट दिया है। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश से ओपन कोर्ट में सुनवाई के लिए सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ गठित करने का अनुरोध किया।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वह मामले की जांच के लिए खुद और जस्टिस रवींद्र भट और बेला त्रिवेदी की एक बेंच का गठन करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह ओपन कोर्ट में सुनवाई के अनुरोध पर भी विचार करेगी।

दलील में कहा गया है: अदालत के सामने यह लाना महत्वपूर्ण है कि एक आरोपी विनोद ने अपहरण, सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में बरी होने के बाद लूटपाट का विरोध करने पर एक निर्दोष ऑटो चालक की हत्या कर दी। विनोद को ऑटो चालक की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

समीक्षा आवेदन में आगे कहा गया है कि बरी होने के बाद उसके ऊपर हत्या का मामला इस ओर संकेत करता है कि वह आदतन अपराधी है, जिसपर दयाभाव करना व्यर्थ है। आवेदन में मामले में रिकॉर्ड पर अतिरिक्त दस्तावेज रखने की भी मांग की गई है। बता दें, पिछले साल नवंबर में, शीर्ष अदालत ने छावला बलात्कार और हत्या मामले में तीन लोगों को बरी कर दिया था।

दिल्ली के उपराज्यपाल (एल-जी) वी.के. सक्सेना ने इस फैसले के खिलाफ एक समीक्षा याचिका दायर करने की मंजूरी दी थी और पिछले साल दिसंबर में शीर्ष अदालत ने फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया था।

## पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती को पुलिस ने हिरासत में लिया, अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ कर रही थीं प्रदर्शन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने पीडीपी चीफ और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को हिरासत में लिया है। पीडीपी नेता मुफ्ती जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन कर रहीं थीं, जिसके बाद उनको पुलिस ने प्रदर्शनस्थल से हिरासत में लिया है।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ केंद्र शासित प्रदेश की सियासत गरमाई हुई है। विपक्षी दलों ने गरीबों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। बड़े स्तर पर अतिक्रमण के विरोध में बुलडोजर एक्शन के चलते विरोध प्रदर्शन शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में दिल्ली में जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने उनको हिरासत में लिया है।

## शिक्षक घोटाला : बेहिसाब धन को बदलने के लिए लॉटरी एंगल पर ईडी की पैनी नजर

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर कुछ महत्वपूर्ण सुराग हासिल किए हैं। ये सुराग युवा तृणमूल कांग्रेस के गिरफ्तार नेता कुंतल घोष की ओर इशारा करते हैं, जिन्होंने उगाही के पैसे को जायज बनाने के लिए लॉटरी का इस्तेमाल किया था। ईडी के सूत्रों ने कहा कि घोष के मामले में लॉटरी का एंगल कुछ हद तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता और पार्टी के बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल के खिलाफ हासिल किए गए सुरागों के समान है। घोष के लोग अलग-अलग व्यक्तियों से पुरस्कार विजेता लॉटरी टिकट खरीदता था और उनका उपयोग पशु-घोटाले की आय से बेहिसाब धन को खाते में बदलने में करता था।

ईडी सूत्रों ने कहा कि इस मामले में मंडल और घोष की कार्यशैली में बुनियादी अंतर है। मंडल के खिलाफ आरोप है कि उनके आदमी इन पुरस्कार विजेता टिकटों को व्यक्तियों से जबरदस्ती पुरस्कार राशि से बहुत कम राशि देकर खरीदते थे, जबकि घोष के आदमी विजेता को राजी कर ज्यादातर मामलों में जीती गई पुरस्कार राशि से थोड़ी अधिक राशि का भुगतान कर पुरस्कार-विजेता टिकट प्राप्त करते थे।

दूसरा अंतर यह है कि मंडल ने मुख्य रूप से उन पुरस्कार विजेता लॉटरी टिकटों को लक्षित किया जिसमें जैकपॉट, दूसरा पुरस्कार और तीसरा पुरस्कार शामिल था, जहां जीतने की राशि करोड़ों या लाखों में थी। हालांकि, घोष के मामले में, उन्होंने जनता का ध्यान भटकाने के लिए हजारों की छोटी राशि वाले पुरस्कार विजेता टिकटों को निशाना बनाया।

## भूटान के संसदीय शिष्टमंडल ने राष्ट्रपति से की भेंट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भूटान की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वांगचुक नामग्याल के नेतृत्व में एक संसदीय शिष्टमंडल ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की।

राष्ट्रपति ने शिष्टमंडल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हम भारत और भूटान के बीच बहुमुखी और अद्वितीय मित्रता को काफी महत्व देते हैं। भारत की सरकार भूटान के लोगों की आकांक्षाओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप भूटान के साथ द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूटान की शाही सरकार की सहायता करने के लिए भारत, भूटान के साथ द्विपक्षीय सहयोग के नए रास्ते खोल रहा है। इनमें अंतरिक्ष सहयोग, स्मार्ट कृषि, युवा एवं खेल, स्टार्ट-अप्स, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल विकास शामिल है।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस साल भूटान अविकसित देशों के समूह से बाहर निकल जाएगा और 2034 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने की राह पर होगा। उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर आगे बढ़ते हुए भूटान को भारत के रूप में हमेशा एक विश्वसनीय मित्र का साथ मिलेगा।

इससे पहले 13 सदस्यीय शिष्टमंडल ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की, इस दौरान उन्होंने बहुआयामी और अद्वितीय द्विपक्षीय दोस्ती और दोनों पक्षों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग पर चर्चा की।

विदेश मंत्री ने एक ट्वीट में कहा आज भूटान की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वांगचुक नामग्याल और उनके 13 सदस्यीय संसदीय शिष्टमंडल के साथ बातचीत करके खुशी हुई। हमारी बहुआयामी और अनूठी मित्रता, विशेष रूप से चल रहे सुधार, मजबूत आर्थिक सहयोग और युवाओं की प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय ने पोस्ट किया, खुशी है कि शिष्टमंडल को पिछले आठ वर्षों में भारत में बड़े बदलावों को देखने का अवसर मिला। भूटानी शिष्टमंडल ने सोमवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की थी।